Jaipur, Sunday, 31 May 2026 | @Fair Report | @Fair_report | @fairreportnews | @Fair report | PRGI No. - RNI- RJBIL/25/A1808| Vol 1 | Issue No.- 255 Pages 04 | ₹3.00

# FAIR REPORT

THE DAWN OF A FEARLESS PEN



A huge dust storm approaches as it engulfs the skyline at Dungargarh, in Bikaner district, Rajasthan.

# MASSIVE DUST STORM SWEEPS THROUGH RAJASTHAN
# APOCALYPTIC VISUALS LEAVE LOCALS REELING

FAIR REPORT

**Jaipur:** A massive dust storm barelled through several parts of Rajasthan on Saturday, disrupting normal life, though the accompanying rain brought some relief from the intense heatwave conditions.

Clouds of dust and sand engulfed many towns, reducing visibility to zero and forcing motorists to switch on headlights during the day. Winds initially picked up in Hanumangarh and Sri Ganganagar regions, reaching speeds of around 56 kmph, officials said.

Several places reported uprooting of trees and disruption in electricity supply due to strong winds. In Jaipur, a dust storm lasted approximately 10 minutes in the evening before giving way to rain.

The storm, triggered by a Western Disturbance, affected districts including Churu, Hanumangarh, Sri Ganganagar, Bikaner, Nagaur, Didwana-Kuchaman, Alwar and Sikar, while Jaipur witnessed strong winds followed by rain.

"We never imagined such a massive dust storm would engulf the city. It is the first time we have witnessed such an intense storm. The sky turned dark around 2 pm, almost like nightfall. People are moving with their vehicle headlights on, and normal life has been disrupted as we are facing several difficulties," a Churu resident told PTI Videos.

According to weather updates, a very severe dust storm with wind speeds of 70-80 kmph was moving across northwest Rajasthan, including Bikaner, Ganganagar, Hanumangarh, Churu, Sikar, Jhunjhunu, Jaipur and Nagaur districts, and adjoining areas, during the afternoon.

Rainfall was also recorded in parts of the state, including Udaipur and other districts. Churu recorded 14.8 mm of rainfall, Pilani 10.4 mm and Sangaria in Hanumangarh 3.5 mm, officials said. Dust storms were reported in Sri Ganganagar, with similar conditions witnessed in Churu and Bikaner. Dust clouds also covered areas such as Fatehpur and Laxmangarh in Sikar district.

## AFTER QUITTING AS CM, SIDDARAMAIAH RACES TO DELHI — SEEKS PLUM POST FOR SON IN RESHUFFLE

**Hours after stepping down as Karnataka Chief Minister, Siddaramaiah meets Rahul Gandhi and Kharge — with a personal agenda at the top of his list**

FAIR REPORT

**NEW DELHI**, May 30 — The ink had barely dried on his resignation letter when Siddaramaiah was on a plane to Delhi. The veteran Congress leader, who stepped down as Karnataka Chief Minister, made a beeline for the national capital to meet Rahul Gandhi and party president Mallikarjun Kharge — and sources say the agenda was anything but ceremonial.

According to ABP News, Siddaramaiah placed several demands before the Congress high command, the most politically charged being a significant cabinet berth for his son Yatindra Siddaramaiah in the incoming ministerial lineup. The development has set off immediate speculation about how much leverage the outgoing CM still wields — and how far the high command is willing to accommodate him. A father's last act as Chief Minister may well be securing his son's first act as Minister. The Congress high command now faces a delicate balancing act. Accommodating Siddaramaiah's demands risks perception of dynastic bargaining at its most brazen; ignoring them risks alienating a seasoned mass leader whose support base in Karnataka's OBC communities remains formidable. In the Congress tradition of managed transitions, the outcome will be a test of how much the old guard can still dictate terms to the new order. Karnataka is watching — and so is the rest of the country.

## SUPERSTORM RAVAGES ASIA'S LARGEST SOLAR PARK, THREATENS NATIONAL POWER GRID

**Millions of solar panels and high-tension lines flattened at Bhadla — restoration could take weeks as India braces for an electricity supply crunch**

FAIR REPORT

**LOHAWAT/PHALODI:** A ferocious superstorm that tore through Rajasthan's Phalodi district on Saturday evening has left Asia's largest solar park in ruins, triggering fears of a major electricity crisis across India. The Bhadla Solar Park — a sprawling complex that generates power for homes and industries well beyond Rajasthan's borders — bore the full wrath of the storm, with millions of solar panels and high-tension transmission lines reduced to twisted wreckage. The scale of the devastation is staggering. Hundreds of companies operate large solar installations in the Phalodi district, widely regarded as India's



solar capital, and virtually all of them have suffered significant damage. Workers arriving at the site Sunday morning were met with the sight of shattered panel arrays stretching across the desert, their steel structures buckled and collapsed.

The disaster has struck at the worst possible moment. Summer months represent peak output for solar installations in the Thar Desert, and electricity demand across northern India is already running at seasonal highs. With generation capacity severely curtailed and no firm timeline for repairs, the shortfall is expected to be felt across multiple states that depend on Bhadla's output.

Officials warn that repairing snapped high-voltage transmission lines alone will be an enormous logistical undertaking. Power sector experts caution that even an optimistic timeline could leave the grid short by thousands of megawatts during India's most energy-intensive weeks of the year.

The storm has also exposed a critical vulnerability — the dangerous concentration of so much national generation capacity in a single geographic corridor subject to the extreme weather increasingly common to the Thar Desert. Emergency meetings have been convened at the state level, with the Ministry of New and Renewable Energy expected to assess the situation by Monday.

## PAY TO PASS: QATAR OPENS DOOR TO HORMUZ TRANSIT TOLL — AND THE WORLD'S OIL MARKETS ARE WATCHING

**Qatar's Deputy PM signals openness to a temporary levy on ships passing through the world's most critical energy chokepoint**

FAIR REPORT

**DOHA/NEW DELHI,** May 30 — One waterway. Twenty percent of the world's oil. And now, the possibility of a toll booth. Qatar's Deputy Prime Minister Sheikh Saud bin Abdulrahman Al Thani has sent shockwaves through global energy markets by signalling that a temporary transit fee on vessels passing through the Strait of Hormuz is a conversation worth having. The Deputy PM drew a careful line: Qatar firmly opposes a permanent toll — but a temporary levy, he said, is open to negotiation. His key condition: if the revenue is earmarked specifically for mine-clearing and restoring safe navigation in the waterway, the proposal has merit worth examining. "A temporary toll — if used to clear mines and restore safe passage — can be discussed." The statement arrives at a moment of acute regional tension, with maritime security in the Gulf already stretched thin. The strait — only 33 km at its narrowest — carries nearly 20% of the world's daily oil supply, and any new cost on its passage ripples instantly into crude prices and shipping rates worldwide.

For India, which imports over 85% of its crude oil largely routed through the Gulf, the stakes could not be higher. Any formalisation of Hormuz transit costs would add a painful new layer to an already strained energy import bill. New Delhi will be watching Doha very carefully.

## 'I WILL NOT BOW DOWN': MLA BHATI LIGHTS SACRED FIRE AS GIRAL MINE WORKERS' PROTEST ENTERS EXPLOSIVE NEW PHASE

**On Day 26 of a gruelling sit-in under 45°C desert heat, Shiv MLA Ravindra Singh Bhati performs 'Sadbuddhi Havan' to "awaken" a government he accuses of deaf indifference — and vows the fight is far from over**

FAIR REPORT

**BARMER/LOHAWAT,** May 30 — When elected representatives turn to sacred fire to make a sleeping government listen, something has gone badly wrong. That is precisely the message Shiv MLA Ravindra Singh Bhati sent on Saturday, performing a Sadbuddhi Havan alongside hundreds of workers and villagers outside the Giral Lignite Mines in Barmer district — on the 26th day of a protest that shows no sign of cooling down.

The symbolism was pointed and deliberate. Workers toiling in one of India's most extreme climatic conditions have been sitting on the road for over 45 days with no satisfactory response from the Rajasthan government. Saturday's havan, held to Vedic chants with women, elderly villagers and youth in attendance, was the agitation's way of saying: if logic and democracy cannot move you, perhaps the gods can. Bhati, who has been sleeping at the protest site every single



night for 26 days — conducting public hearings from the dharna ground itself — did not mince words. "Workers have been on the street for 45 days in this punishing heat. Some have fallen ill, some have needed medical attention. And yet the government has shown not a shred of sensitivity." The core demands — reinstatement of terminated workers, strict 8-hour workday enforcement, priority hiring for local youth, safety standard compliance, and full statutory labour benefits — remain unresolved after multiple inconclusive rounds of talks. What began as an industrial dispute has evolved into something far larger. The dharna ground is now a parallel public forum, with villagers arriving daily to place grievances before Bhati. The movement draws growing support from social organisations and labour groups statewide. Worker leaders on Saturday issued a final warning: if the government fails to act in writing, the agitation will expand dramatically.

राजस्थान नगर पालिका कर्मचारी फेडरेशन के नवम महाधिवेशन में मुख्यमंत्री भजनलाल ने की शिरकत

# ईमानदारी-पारदर्शिता सुशासन की पहचान, भ्रष्टाचार के दलदल से दूर रहें कार्मिक, जनसेवा ही रहे ध्येय

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि विकसित राजस्थान 2047 के संकल्प को पूरा करने में कार्मिकों की अहम भूमिका है। ईमानदारी और पारदर्शिता से किया गया कार्य ही सुशासन की पहचान बनता है। इसलिए जनता को समय पर सेवाएं देकर कार्य संस्कृति को मजबूत बनाना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने आह्वान किया कि कार्मिक अपनी सेवा में पूर्ण शुचिता को अपनाएं और भ्रष्ट आचरण के दलदल से दूर रहकर जन सेवा के ध्येय को और अधिक मजबूत बनाएं।

मुख्यमंत्री शनिवार को जयपुर के आरआईसी में आयोजित राजस्थान नगर पालिका कर्मचारी फेडरेशन के नवम महाधिवेशन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'न खाऊंगा और न खाने दूंगा' के मूलमंत्र पर चलते हुए हमने 103 अधिकारियों को निलंबित किया है, 6 अफसरों को सेवा से बर्खास्त किया है और 11 भ्रष्ट अधिकारियों की आजीवन पेंशन पर रोक लगाई है। वहीं रिश्वत, ट्रैप, पद का दुरुपयोग, आय से अधिक संपत्ति प्रकरणों के 108 मामलों में अभियोजन स्वीकृति दी है और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17-ए के तहत 37 अन्य प्रकरणों में भी कठोर कार्रवाई की है।



उन्होंने कहा कि स्वच्छता और बेहतर नागरिक सुविधाएं शहर की पहचान होती हैं। प्रदेश के शहरों को स्वच्छ और सुंदर बनाये रखने में नगर पालिका कर्मचारी सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं, जो हर समय जनता की सेवा में जुटे रहते हैं।

नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में प्रदेश 'विकसित राजस्थान-2047' के लक्ष्य की ओर दृढ़ता से अग्रसर है। इस अवसर पर स्वायत्त शासन विभाग के शासन सचिव रवि जैन तथा राजस्थान नगर पालिका कर्मचारी फेडरेशन के प्रदेशाध्यक्ष भागचंद श्रीमाल सहित अन्य पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

### प्रधानमंत्री की स्वच्छ भारत.. पहल आज जन आंदोलन बनी

उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में जयपुर ग्रेटर नगर निगम ने पूरे देश में 16वां स्थान प्राप्त किया, वहीं 3 लाख से 10 लाख की आबादी वाले शहरों में उदयपुर 13वें स्थान पर रहा है। उन्होंने कहा कि हमें प्रदेश के शहरों को स्वच्छता में देश में अग्रणी बनाने के लक्ष्य के साथ काम करना है।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री की स्वच्छ भारत मिशन की पहल देश में आज जन आंदोलन बन चुकी है। इस अभियान के माध्यम से लोगों की स्वच्छता की आदतों में बदलाव आया है। वहीं, घर-घर में शौचालय बनवाकर हमारी माता-बहनों के जीवन को एक गरिमा प्रदान की गई है। साथ ही, शहरों में अच्छे बुनियादी ढांचे और नागरिक सुविधाओं के विकास के लिए स्मार्ट सिटी मिशन प्रारंभ किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से देशभर में जल संचय-जनभागीदारी अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को सशक्त बनाने के क्रम में राज्य में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान संचालित किया जा रहा है। इसके साथ ही हमारी सरकार ने हरियालो राजस्थान अभियान में अभी तक प्रदेशभर में लगभग 20 करोड़ पौधे लगाए हैं और इस वर्ष भी 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया है। इसके तहत प्रदेश में पहली बार चंदन वन भी विकासित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने सभी देशवासियों से ऊर्जा की बचत और मितव्ययिता को अपनाने का आह्वान किया है, जिसमें हम सभी अपना सहयोग दे रहे हैं।

### आधुनिक सफाई व्यवस्था और ठोस कचरा प्रबंधन सुदृढ़ करना लक्ष्य

मुख्यमंत्री कहा कि अमृत 2.0 के तहत 11 हजार 560 करोड़ रुपये की राशि से राज्य के 200 शहरों और कस्बों में 363 परियोजनाओं पर काम हो रहा है। शहरी क्षेत्रों के लिए नई टाउनशिप नीति 2024 लागू की गई है। हमारा लक्ष्य है कि शहरों में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार के साथ ही आधुनिक सफाई व्यवस्था और ठोस कचरा प्रबंधन सुदृढ़ हो। नगर निकाय के कर्मचारी सफाई, पेयजल, सड़क से लेकर सीवर, पार्कों का रखरखाव, अग्निशमन व जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जैसी सेवाओं के माध्यम से जनता के जीवन को आसान और सुरक्षित बनाते हैं। आने वाले वर्षों में नगर निकायों की भूमिका और भी अधिक निर्णायक, व्यापक और महत्वपूर्ण होने जा रही है। ऐसे में वे सभी अपनी सेवा और समर्पण की भावना से प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। राजस्थान के विकास के लिए पानी और बिजली के क्षेत्र में विभिन्न परियोजनाओं को धरातल पर उतारा जा रहा है।


### भागीरथ चौधरी बोले- संवेदनशीलता से कार्य कर रहे मुख्यमंत्री

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने कहा कि राजस्थान को मुख्यमंत्री के रूप में एक किसान पुत्र का नेतृत्व प्राप्त हुआ है, जिन्होंने किसानों के कल्याण और प्रदेश के समग्र विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही सहायता के साथ ही राज्य सरकार ने प्रदेश के किसानों की सम्मान निधि में वृद्धि की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री लगातार गांवों और शहरों में जाकर आमजन से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रहे हैं। राज्य सरकार 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' एवं 'हरियालो राजस्थान' के माध्यम से प्रदेश को हराभरा बनाने तथा जल संसाधनों के बेहतर प्रबंधन की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।

## 'लोकतंत्र में विरोध का अधिकार, दुश्मनी और अराजकता का नहीं'

### विपक्षी राजनेताओं की असंसदीय भाषा, आचरण पर बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने जताई चिंता

**FAIR REPORT**
**जयपुर**



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने विपक्षी राजनेताओं द्वारा लगातार अपनाई जा रही असंसदीय भाषा, अराजक राजनीति और लोकतांत्रिक मर्यादाओं के विरुद्ध किए जा रहे आचरण पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि राजनीति में वैचारिक मतभेद स्वाभाविक हैं, विरोध भी होना चाहिए, लेकिन विरोध और दुश्मनी के बीच की रेखा को लांघना लोकतंत्र के लिए घातक है।

राठौड़ ने कहा कि भाजपा विचारों का विरोध करती है, लेकिन हमारी राजनीतिक संस्कृति में शब्दों की मर्यादा और सार्वजनिक जीवन की गरिमा को हमेशा सर्वोच्च स्थान दिया गया है। विपक्ष का धर्म सरकार की कमियों को उजागर करना है, जनता के मुद्दों को उठाना है और वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करना है, लेकिन व्यक्तिगत कटुता, अपमानजनक शब्दों और सामाजिक वैमनस्य को बढ़ावा देना किसी भी जिम्मेदार राजनीतिक दल या नेता को शोभा नहीं देता।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि आज राजनीति में सबसे बड़ी आवश्यकता संवाद, शालीनता और वैचारिक संघर्ष की है, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण रूप से कुछ नेता राजनीतिक लाभ के लिए समाज में टकराव और आवेश का वातावरण तैयार करने का प्रयास कर रहे हैं। हनुमान बेनीवाल की भाषा और उनके सार्वजनिक वक्तव्यों में बार-बार इसी प्रवृत्ति की झलक दिखाई देती है। राठौड़ ने कुचामन प्रवास के दौरान हनुमान बेनीवाल के समर्थकों द्वारा किए गए हमले पर कहा कि अचानक कुछ लोग हाथों में तख्तियां लेकर उनकी गाड़ी के समीप पहुंचे और आक्रामक व्यवहार करने लगे। स्थिति को देखते हुए सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें वाहन से नीचे उतरने से रोक दिया।

राठौड़ ने कहा कि यदि कोई अपनी बात रखना चाहता है तो उसका स्वागत है, लेकिन यदि किसी की मंशा संवाद के बजाय भय का वातावरण बनाना या हमला करने जैसी प्रतीत हो, तो यह लोकतांत्रिक विरोध नहीं बल्कि अराजकता का संकेत है। इस प्रकार की घटनाएं यह अवश्य दर्शाती हैं कि कुछ लोग लोकतांत्रिक विरोध के बजाय टकराव की राजनीति को बढ़ावा देना चाहते हैं।

## 'भारत की आत्मा भारतीय साहित्यकारों में बसती है'

### अखिल भारतीय साहित्य परिषद राजस्थान का 9वां प्रदेश महाधिवेशन शुरू, प्रदेशभर के साहित्यकार ले रहे हिस्सा




**जयपुर/कोटा।** अखिल भारतीय साहित्य परिषद् राजस्थान का नौवां प्रदेश महाधिवेशन शनिवार को कोटा के राजकीय आयुर्वेद योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा एकीकृत महाविद्यालय तलवंडी में शुरू हुआ। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला रहे।

बिरला ने कहा कि भारत की आत्मा भारत के साहित्यकारों में बसती है। अखिल भारतीय साहित्य परिषद् की स्थापना का उद्देश्य भारतबोध, राष्ट्रभक्ति से युक्त भारतीयता रहा है जो अब 'आत्मबोध से विश्वबोध ' जैसे उदात्त वैश्विक मानवीयता के मापदंड पर खरा उतर रहा है। विशिष्ट अतिथि डॉ. पवनपुत्र बादल ने भारतीय साहित्य के मानवीय मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत भूमि महान साहित्यकारों और विचारकों की भूमि रही है, उन्होंने कवि कालिदास और तुलसीदास के काव्य में निहित विराट मानवीय मूल्यों पर बात की। इस सत्र का कुशल संचालन अखिल भारतीय साहित्य परिषद के प्रदेश महामंत्री डॉ. केशव शर्मा ने किया। तृतीय सत्र में 'लोक मंथन की जानकारी, बाल साहित्य, युवा कार्य और लोक साहित्य' पर चर्चा हुई। जिसमें विशिष्ट वक्ता परिषद के राष्ट्रीय मंत्री भरत ठाकौर, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. इंदु शेखर तत्पुरुष, प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अन्नाराम शर्मा ने विचार व्यक्त किए। चतुर्थ सत्र में 'आदर्श इकाई एवं वार्षिक कलेंडर पर विस्तार से चर्चा हुई, जिसके मुख्य वक्ता भरत ठाकौर, डॉ. अन्नाराम शर्मा, पवनपुत्र बादल रहे।

## 'वंदे-गंगा' जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत जयपुर में जल संरक्षण गतिविधियों का हो रहा है व्यापक आयोजन

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

"वंदे-गंगा" जल संरक्षण जन अभियान 2026 के अंतर्गत जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग द्वारा नोडल विभाग के रूप में जयपुर जिले के दूदू, मौजमाबाद, फागी, सांभर, किशन रेनवाल, तुंगा, शाहपुरा, आमेर, जालसू, गोविन्दगढ़, चाकसू, जोबनेर, माधोराजपुरा एवं अन्य ब्लॉकों की ग्राम पंचायतों में व्यापक स्तर पर जल संरक्षण एवं जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जारहा है।




जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रतिभा वर्मा ने बताया कि अभियान के दौरान मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान (एमजेएसए) 2.1 एवं 2.2 के अंतर्गत जिले के विभिन्न ग्राम पंचायत क्षेत्रों में निर्मित जल संरक्षण संरचनाओं का अवलोकन एवं लोकार्पण किया गया। इस दौरान फार्म पॉण्ड, सनकेन पॉण्ड, रिचार्ज शाफ्ट, वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं, चेकडैम एवं अन्य जल संरक्षण कार्यों सहित लगभग 200 से अधिक पूर्ण कार्यों का निरीक्षण एवं लोकार्पण किया गया है। साथ ही मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.2 एवं 2.3 के अंतर्गत विभिन्न ब्लॉकों से प्राप्त लगभग 430 से अधिक नवीन जल संरक्षण कार्यों के प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति हेतु अग्रेषित किए गए हैं। इन प्रस्तावों में फार्म पॉण्ड, सनकेन पॉण्ड, रिचार्ज संरचनाएं, चारागाह विकास, जल संचयन एवं भूजल पुनर्भरण से संबंधित कार्य सम्मिलित हैं।

अभियान के अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में ओरण एवं चारागाह भूमि का चिन्हीकरण किया गया तथा चयनित स्थलों पर मियावाकी पद्धति से पौधारोपण एवं घास बुवाई की अग्रिम तैयारियां प्रारम्भ की गई है। हरियालो राजस्थान अभियान के अंतर्गत दांतला मीणा, किशन रेनवाल, मौजमाबाद, दूदू एवं अन्य ग्राम पंचायतों में लगभग 41 हजार से अधिक पौधों के रोपण की तैयारी की गई तथा सैकड़ों गड्डों की खुदाई कर पौधारोपण स्थलों का चयन किया गया।

बीज बैंक गतिविधियों के अंतर्गत मौजमाबाद क्षेत्र में विशेष कार्यक्रम आयोजित कर स्थानीय कृषकों एवं ग्रामीणों को लाभान्वित किया गया। वहीं चारागाह विकास एवं प्राकृतिक संसाधन संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु अनेक स्थानों पर चारागाहों का चयन एवं चिन्हीकरण किया गया।

अभियान के दौरान दांतला मीणा, अकोड़ा, श्योसिंहपुरा, अनंतपुरा, रामसिंहपुरा, नयाबास, अचरोल, सिरसली, कुशलपुरा, तमड़िया, झरना, देवला, जड़ावता, मोरड़ा, कुड़ियों का बास, हसुलिया, मेहंदवास सहित अनेक ग्राम पंचायतों में जल चौपालों का आयोजन किया गया। इन जल चौपालों में लगभग एक हजार से अधिक ग्रामीणों ने भाग लेते हुए जल संरक्षण, भूजल संवर्धन, वर्षा जल संचयन एवं प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त किए तथा जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का संकल्प लिया। जलग्रहण विकास एवं भू-संरक्षण विभाग द्वारा संचालित इन गतिविधियों के माध्यम से जल संरक्षण, भूजल संवर्धन, हरित आवरण वृद्धि एवं जनभागीदारी को प्रोत्साहित करते हुए जल संरक्षण के प्रति व्यापक जनजागरूकता का वातावरण निर्मित किया जा रहा है।

## कोर्ट की खबरें

### रिश्वत की डिमांड साबित नहीं, 18 साल पुराने केस में पुलिसकर्मी बरी

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने करीब 18 साल पुराने मामले में रिश्वत राशि की डिमांड साबित नहीं होने और अभियोजन स्वीकृति नहीं होने के आधार पर आरोपी पुलिसकर्मी को दोषमुक्त कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में अजमेर सेशन कोर्ट की ओर से 8 अगस्त 2025 को सुनाई दो साल की सजा और 20 हजार रुपए के जुर्माना आदेश को रद्द कर दिया है। जस्टिस उमाशंकर व्यास ने यह आदेश ओम प्रकाश की आपराधिक अपील को मंजूर करते हुए दिए। हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए कहा कि जब तक अभियुक्त के खिलाफ रिश्वत की मांग व स्वीकृति का तथ्य प्रमाणित नहीं होता है तो केवल बरामदगी के आधार पर उसके खिलाफ आरोप प्रमाणित नहीं मान सकते। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपी के खिलाफ आरोप साबित नहीं कर पाया है। राशि की बरामदगी संदेहपूर्ण है, क्योंकि आरोपी के पास परिवादी का कोई काम बाकी नहीं था। वहीं, आरोपी पुलिसकर्मी का नियोजक एसपी टोंक था, लेकिन उसने अभियोजन स्वीकृति ही नहीं दी थी। ऐसे में बिना अभियोजन स्वीकृति याचिकाकर्ता को दंडित नहीं किया जा सकता। मामले से जुड़े अधिवक्ता राजेश गोस्वामी ने बताया कि परिवादी प्रभु लाल ने 28 जुलाई 2008 को एसीबी में शिकायत दी कि पारिवारिक झगड़े के मामले में उसका पक्ष लेने के लिए आरोपी पुलिसकर्मी ने उनसे 5000 रुपए रिश्वत मांगी है। शिकायत पर एसीबी ने एक अगस्त 2008 को ट्रैप कार्रवाई कर आरोपी के घर पर उसके पेंट से 1800 रुपए बरामद किए, लेकिन एसीबी रिश्वत की डिमांड व स्वीकृति साबित नहीं कर पाई।

### पेपर लीक : आरोपी पोरव कालेर को अंतरिम जमानत से इनकार

**जयपुर।**अतिरिक्त सत्र न्यायालय क्रम-1, महानगर द्वितीय ने ईओ-आरओ भर्ती पेपर लीक मामले में आरोपी पोरव कालेर को एक माह की अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया है। जमानत अर्जी में कहा गया कि उसके पिता ओम प्रकाश कालेर गंभीर रूप से बीमार हैं। वे हार्ट फेलियर के शिकार हैं और ऑक्सीजन सपोर्ट के साथ वेंटिलेटर पर हैं। चिकित्सकों के अनुसार वे अधिक दिनों तक जीवित नहीं रह पाएंगे। ऐसे में उसे पिता की अंतिम सेवा करने के लिए एक माह की अंतरिम जमानत दी जाए, जिसका विरोध करते हुए विशेष लोक अभियोजक भंवर सिंह ने कहा की उसके खिलाफ सात अन्य मामले भी दर्ज हैं। आरोपी पेपर लीक जैसा संगठित अपराध किया है। ऐसे में उसे अंतरिम जमानत का लाभ नहीं दिया जाए। आरपीएससी की ओर से 14 मई, 2023 को दो चरणों में ईओ-आरओ परीक्षा आयोजित की गई थी। इस दौरान शिकायत मिली की परीक्षा के दौरान ब्लूटूथ डिवाइस से नकल कराई गई। एसओजी को जांच में पता चला की पोरव कालेर ने अपने चाचा तुलछाराम के साथ मिलकर एक संगठित गिरोह बना रखा है।

### हाईकोर्ट ने कहा- भाषा नहीं आने पर नार्को टेस्ट से मना नहीं कर सकते

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने हत्या से जुड़े मामले में कहा है कि यह बड़े आश्चर्य की बात है कि प्राधिकारी ने इस आधार पर नार्को टेस्ट से इनकार कर दिया कि संबंधित व्यक्ति को हिंदी धाराप्रवाह नहीं आती है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में पुलिस की ओर से पेश एफआर को स्वीकार करने वाले निचली अदालत के आदेश को निरस्त कर दिया है। अदालत ने कहा कि मामले की जांच डिप्टी स्तर के अधिकारी से कराए जाए और वह जरूरत पड़ने पर नार्को टेस्ट सहित जांच करते हुए जांच रिपोर्ट निचली अदालत ने पेश करे। जस्टिस अनूप कुमार ने यह आदेश फेलीराम की ओर से दायर आपराधिक याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए कहा कि नार्को टेस्ट के लिए फॉरेंसिक साइकोलॉजिस्ट, एनेस्थिसियोलॉजिस्ट, सामान्य चिकित्सक और मनोचिकित्सक के साथ जरूरत होने पर दुभाषिया को शामिल किया जा सकता है। केवल भाषा नहीं बोलने के चलते नार्को टेस्ट करने से मना नहीं किया जा सकता।

प्रगति रिपोर्ट: जयपुर 1351 स्वीकृतियों के साथ सबसे अव्वल, कोटा में 83.8 और हनुमानगढ़ में 82.5 प्रतिशत स्वीकृतियां

## राज निवेश पोर्टल पर 1 माह में 6103 आवेदनों को त्वरित मंजूरी

**FAIR REPORT**
**जयपुर**

राजस्थान 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' को बढ़ावा देते हुए 'डी—रेग्यूलेशन फेज—1' के तहत विकसित राजस्थान और राइजिंग राजस्थान की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। राज निवेश पोर्टल एवं निरंतर सुधारात्मक प्रयासों के जरिए प्रदेश एक पसंदीदा निवेश गंतव्य के तौर पर अपनी अलग पहचान बना रहा है। मुख्य सचिव कार्यालय के तहत गठित 'डिरेगुलेशन सेल' द्वारा जारी अप्रैल माह की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में राज निवेश पोर्टल पर 67.7 प्रतिशत की स्वीकृति दर से प्राप्त 9 हजार 10 आवेदनों में से 6 हजार 103 की स्वीकृति के साथ उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। इस अवधि के दौरान प्रदेश में जयपुर जिले का प्रदर्शन सबसे अव्वल रहा है।




मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रक्रियाओं के सरलीकरण, आवेदनों के समयबद्ध निस्तारण तथा ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को सुदृढ़ करने की दिशा में ठोस प्रयास किए जा रहे है, जिनके अनवरत सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। राज निवेश पोर्टल के माध्यम से राज्य के प्रमुख निवेश केंद्रों के साथ-साथ छोटे जिलों में भी व्यापक स्तर पर प्रकरणों का निस्तारण और स्वीकृतियां जारी की जा रही हैं। 'इंवेस्टर फ्रैंडली एप्रोच' के साथ सतत संपर्क, समन्वय और विकेन्द्रीकृत क्रियान्वयन की बदौलत राजस्थान 'डी—रेग्यूलेशन फेज—1' में अनवरत अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। उल्लेखनीय है कि मुख्य सचिव कार्यालय के अंतर्गत गठित 'डिरेगुलेशन सेल' द्वारा तैयार प्रदेश में निवेश प्रस्तावों के संदर्भ में मासिक प्रगति रिपोर्ट तैयार की जाती है।

प्रगति रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल, 2026 में राज्य में कुल आवेदन एवं स्वीकृतियों में जयपुर का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। राज्य स्तरीय प्रगति में राज निवेश पोर्टल पर कुल 9 हजार 10 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 6 हजार 103 आवेदन स्वीकृत किए गए। इस प्रकार माह के दौरान प्रदेश की स्वीकृति दर 67.7 प्रतिशत रही।

जिला-वार प्रदर्शन में जयपुर अग्रणी जिला रहा, जहां 1 हजार 932 आवेदन प्राप्त हुए तथा 1 हजार 351 आवेदन स्वीकृत किए गए। इसके अतिरिक्त जोधपुर, सीकर, अजमेर, बीकानेर, कोटा, हनुमानगढ़, अलवर, चूरू और भीलवाड़ा जैसे प्रमुख शहरी एवं औद्योगिक जिलों ने भी राज निवेश पोर्टल पर उल्लेखनीय सहभागिता दर्ज की है। इसके अतिरिक्त प्रमुख जिलों में कोटा और हनुमानगढ़ में उच्च निस्तारण दक्षता प्रदर्शित करते हुए क्रमशः लगभग 83.8 प्रतिशत और 82.5 प्रतिशत की स्वीकृति दर की उपलब्धि हासिल की है। वहीं बारां, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, टोंक, उदयपुर और जालोर जिलों में 70 प्रतिशत से अधिक स्वीकृति दर दर्ज की गई, जो जिलों की प्रशासनिक दक्षता तथा सेवा वितरण में सुधार को रेखांकित करती है। रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल में प्रदेश में आयुष, एग्रो-प्रोसेसिंग, रक्षा और शिक्षा जैसे उभरते क्षेत्रों में भी विभिन्न जिलों से आवेदन प्राप्त हुए हैं, जो राजस्थान में क्षेत्रीय विविधीकरण तथा निवेश अवसरों के विस्तार का संकेत है। सेक्टरवाइज प्रगति को देखा जाए तो पर्यटन एवं आतिथ्य क्षेत्र में सर्वाधिक प्रस्तावित निवेश दर्ज किया गया, जिसमें जयपुर, उदयपुर, पाली, राजसमंद, सीकर एवं अन्य जिलों का योगदान रहा। इसके अतिरिक्त अलवर एवं कोटपूतली-बहरोड़ में इंजीनियरिंग, विभिन्न जिलों में नवीकरणीय ऊर्जा, अजमेर एवं भीलवाड़ा में वेस्ट मैनेजमेंट,जोधपुर में टेक्सटाइल क्षेत्र में निवेश रुचि परिलक्षित हुई।

## ब्रीफ खबरें

### अत्याधुनिक 'अंत्येष्टि यंत्र' स्थापित, 75 फीसदी तक लकड़ी की बचत



**भीलवाड़ा।** पर्यावरण संरक्षण और पारंपरिक सनातन मान्यताओं के बीच समन्वय स्थापित करते हुए टेक्सटाइल सिटी में एक सराहनीय पहल की गई। शहर के टंकी के बालाजी मुक्तिधाम में ₹5 लाख की लागत से अत्याधुनिक, सुधारित लकड़ी आधारित शवदाह भट्टी (अंत्येष्टि यंत्र) स्थापित की गई है। इस नई तकनीक के आने से दाह संस्कार की प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित, प्रभावी और पर्यावरण के अनुकूल हो जाएगी। मुक्तिधाम के संरक्षक बाबूलाल जाजू एवं सचिव नवनीत सोमानी ने बताया कि इस अत्याधुनिक अंत्येष्टि यंत्र के माध्यम से जहां पारंपरिक तरीके से दाह संस्कार करने में लगभग 400 किलोग्राम लकड़ी की आवश्यकता होती है, वहीं इस नई वैज्ञानिक तकनीक के उपयोग से मात्र 100 किलोग्राम लकड़ी में ही पूरी प्रक्रिया ससम्मान संपन्न हो सकेगी। इससे मुक्तिधाम में आने वाले शोक संतप्त परिवारों को भी काफी सुविधा होगी और समय की भी बचत होगी। इस पुनीत कार्य में समाजसेवी एवं समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नारायण लड्ढा का विशेष आर्थिक व वैचारिक सहयोग रहा है। इस दौरान मुक्तिधाम समिति के अध्यक्ष बनवारीलाल मुरारका, कोषाध्यक्ष राकेश दरक, उपाध्यक्ष सुनील जागेटिया, धर्मराज खंडेलवाल, दीपक मेलाना और प्रदीप चौधरी सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### विष्णु लक्ष्मी महायज्ञ 8 से, तैयारियां शुरू, भक्तों में खासा उत्साह



**भीलवाड़ा।** पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर शहर में पहली बार सात दिवसीय विष्णु लक्ष्मी महायज्ञ का भव्य आयोजन होने जा रहा है। यह आयोजन 8 से 14 जून तक छोटी हरणी हनुमान टेकरी स्थित काठियाबाबा आश्रम में महन्त बनवारीशरण काठियाबाबा के सान्निध्य में होगा। महायज्ञ के यज्ञाचार्य श्रीधाम वृन्दावन के आचार्य मुकेश अवस्थी महाराज होंगे। महन्त बनवारीशरण ने बताया कि दसविद् लक्ष्मी प्राप्ति, ऋण मुक्ति और राष्ट्र कल्याण के उद्देश्य से होने वाले इस महायज्ञ में विशेष औषधियों व द्रव्यों से आहुतियां दी जाएंगी। यज्ञ के दौरान 111 कलशों को लक्ष्मी स्रोत से सिद्ध कर यजमानों को वितरित किया जाएगा। साथ ही, प्रतिदिन रात्रि 8 बजे से वृन्दावन के कलाकारों द्वारा रासलीला का मंचन भी होगा। कार्यक्रम की शुरुआत 8 जून को सुबह 8 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगी, वहीं 14 जून को अभिजीत मुहूर्त में पूर्णाहुति और महाप्रसाद वितरण के साथ इसका समापन होगा। इस आयोजन को लेकर स्थानीय ग्रामवासियों और सर्वसमाज में भारी उत्साह है।

### अधिवक्ता पर हमले के आरोपियों की पैरवी पर भिड़े वकील



**बूंदी।** जिले में अधिवक्ता पर हमले के आरोपियों की पैरवी को लेकर शनिवार को वकील आपस में भिड़ गए। आरोपियों की पैरवी करने कोटा से अधिवक्ता पहुंचने पर कोर्ट परिसर में काफी देर तक हंगामे और तनाव की स्थिति बनी रही। हालात को देखते हुए पुलिस प्रशासन को अतिरिक्त पुलिस बल और आरएसी के जवानों की तैनाती करनी पड़ी। बाद में कोटा से आए वकीलों ने भी आरोपियों की ओर से पैरवी करने से मना कर दिया और जमानत याचिका वापस ले ली।

जानकारी के अनुसार 23 मई को रायथल निवासी अधिवक्ता हरिओम गुर्जर और उनके परिवार के साथ घर में घुसकर मारपीट एवं जानलेवा हमले की घटना हुई थी। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी सोनू और मस्तराम को गिरफ्तार किया था। शनिवार को दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के लिए बूंदी अदालत लाया गया था। आरोपी पक्ष की ओर से पैरवी के लिए कोटा से कुछ अधिवक्ता बूंदी पहुंचे थे। इसकी जानकारी मिलते ही स्थानीय अधिवक्ता बड़ी संख्या में कोर्ट नंबर-3 के बाहर जमा हो गए। कोर्ट परिसर में विरोध प्रदर्शन के दौरान माहौल गरमा गया। हंगामे और तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए सदर कोतवाली पुलिस के साथ अतिरिक्त जाप्ता और आरएसी के जवानों को भी बुलाया गया।

### राजस्थान प्रशासनिक सेवा इंटरव्यू में एमडीएसयू के विद्यार्थियों का परचम



**अजमेर।** महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर ने एक बार फिर प्रतियोगी परीक्षाओं के क्षेत्र में अपनी उत्कृष्टता सिद्ध करते हुए राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस) साक्षात्कार में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। विवि से इस वर्ष कुल 205 अभ्यर्थी राजस्थान प्रशासनिक सेवा के साक्षात्कार तक पहुंचे हैं, जो पूरे राजस्थान में दूसरा सर्वाधिक आंकड़ा माना जा रहा है। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता, दूरदर्शी पाठ्यक्रम एवं विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व विकास की सशक्त व्यवस्था को दर्शाती है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार एमडीएसयू का पाठ्यक्रम इस प्रकार तैयार किया गया है कि विद्यार्थी नियमित अध्ययन के साथ ही राजस्थान प्रशासनिक सेवा, भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) एवं अन्य राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी स्वतः कर सके। पाठ्यक्रम में समसामयिक विषयों, विश्लेषणात्मक अध्ययन, तार्किक क्षमता तथा प्रशासनिक दृष्टिकोण को विशेष महत्व दिया गया है, जिससे विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता विकसित हो रही है।

---

मिलावट के खिलाफ अभियान : उदयपुर में विभिन्न ब्रांड के 42 हजार किलो डेयरी उत्पाद भी जांच के दायरे में

## पीला रंग डालकर गाय का घी कर रहे थे तैयार, 18000 लीटर जब्त

FAIR REPORT

**उदयपुर**



चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रदेश में मिलावट के खिलाफ निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में खाद्य पदार्थों में मिलावट व गुणवत्ता संबंधी शिकायतों के आधार पर खाद्य सुरक्षा आयुक्तालय की केंद्रीय प्रवर्तन टीम द्वारा शनिवार को उदयपुर जिले में दो स्थानों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान मिलावट के संदेह पर 18 हजार लीटर घी जब्त किया गया।

खाद्य सुरक्षा आयुक्त डॉ.टी. शुभमंगला ने बताया कि अतिरिक्त आयुक्त भगवत सिंह के नेतृत्व में केंद्रीय व जिला टीम द्वारा संयुक्त रूप से श्री माधुर डेयरी फार्म एंड फूड प्रोडक्ट्स, अम्बेरी, उदयपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विभिन्न ब्रांड से घी का निर्माण और भंडारण किया जाना पाया गया, जिनमें प्रमुख रूप से 'उदयपुर फ्रेश देसी घी', 'उदयपुर फ्रेश काउ घी', 'माध्या देसी घी' और 'जयन्त काउ घी' शामिल हैं। टीम ने टैंकों सहित विभिन्न कंटेनरों में भी बड़ी मात्रा में तैयार घी पाया, जिन पर बिना लेबल और बिना आवश्यक विवरण अंकित किए हुए घी का भंडारण किया गया था।

कार्रवाई के दौरान परिसर से फूड कलर (रंग) की बोतलें भी बरामद हुईं। प्रारंभिक जांच मेंसामने आया कि घी में पीला रंग डालकर उसे गाय के घी के रूप में विपणन करने का प्रयास किया जा रहा था। इस संबंध में विस्तृत वैज्ञानिक परीक्षण के लिए नमूने लिए गए हैं। जांच में यह भी पाया गया कि घी निर्माण हेतु विभिन्न स्रोतों से मक्खन खरीदा जा रहा था, जिनमें प्रमुख रूप से अरिहंत मिल्क प्रोडक्ट्स, इंदौर और चन्द्र कमल ब्रांड, देवास (मध्य प्रदेश) से प्राप्त मक्खन शामिल है, जिसे गर्म कर घी तैयार किया जा रहा था।

### प्रतिबंधित स्टॉक भी मिला

निरीक्षण के दौरान महावीर ब्रांड घी (बैच संख्या-1) का स्टॉक भी पाया गया। इस बैच के घी को पूर्व में खाद्य सुरक्षा आयुक्त, राजस्थान द्वारा असुरक्षित घोषित करते हुए उसके विक्रय, वितरण व भंडारण पर प्रतिबंध लगाया जा चुका है। टीम द्वारा इसे तत्काल प्रभाव से जब्त कर विक्रय व वितरण पर रोक लगा दी है। संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। कार्रवाई में संयुक्त आयुक्त डॉ. विजय प्रकाश शर्मा, केंद्रीय टीम के खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद शर्मा, अमित शर्मा, लोकेश शर्मा व देवेन्द्र सिंह राणावत और उदयपुर जिले के खाद्य सुरक्षा अधिकारी अशोक गुप्ता व नरेन्द्र सिंह शामिल रहे। अभियान के अंतर्गत केंद्रीय टीम द्वारा मैसर्स महालक्ष्मी ट्रेडिंग कंपनी, डी-1, कृषि उपज मंडी, सवीना, उदयपुर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान विभिन्न ब्रांडों के घी व दुग्ध उत्पादों का बड़ा स्टॉक पाया गया। जिसकी विस्तृत जांच की जा रही है।

---

मिला आश्वासन : पीलीबंगा में किसानों का आंदोलन स्थगित, सरकार को दी चेतावनी

## ट्रैक पर बैठे किसानों के आगे झुका प्रशासन

FAIR REPORT

**हनुमानगढ़**



गेहूं खरीद और बारदाने की कमी को लेकर पीलीबंगा में उग्र हुए किसानों के आंदोलन का फिलहाल पटाक्षेप हो गया है। रेलवे ट्रैक पर उतरकर विरोध जताने वाले किसानों ने प्रशासन से मिले आश्वासन के बाद आंदोलन स्थगित कर दिया, लेकिन मांगें पूरी नहीं होने पर फिर से आंदोलन की चेतावनी दी है। पीलीबंगा में चार दिनों से जारी धरना-प्रदर्शन शनिवार शाम प्रशासन के आश्वासन के बाद समाप्त कर दिया गया। इससे पहले आंदोलनकारी किसानों ने रेल ट्रैक पर बैठकर विरोध जताया, जिससे प्रशासन में हड़कंप मच गया और जिला स्तर के अधिकारियों को मौके पर पहुंचना पड़ा।

शनिवार सुबह से ही किसान आरपार की लड़ाई के मूड में नजर आए। दोपहर करीब 12:15 बजे बड़ी संख्या में किसान धरनास्थल के सामने रेलवे ट्रैक पर पहुंच गए और वहीं बैठकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। किसानों ने रेलवे ट्रैक पर लगी बैरिकेडिंग भी हटा दी। रेलवे ट्रैक पर प्रदर्शन की सूचना मिलते ही जिला कलेक्टर खुशाल यादव, पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीना, एडीएम उम्मेदीलाल मीणा सहित प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे और किसान नेताओं से वार्ता शुरू की।

किसान नेताओं और प्रशासन के बीच हुई बातचीत में हनुमानगढ़ जिले के लिए 8 लाख बारदाना बैग उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया गया। इसके बाद किसानों ने एसडीएम कार्यालय के बाहर लगाया गया धरना समाप्त कर टेंट हटा दिए। हालांकि किसान नेताओं ने स्पष्ट किया कि आंदोलन समाप्त नहीं, बल्कि स्थगित किया गया है।

किसान नेताओं का कहना है कि जब तक जिले के किसानों का एक-एक दाना न्यूनतम समर्थन मूल्य पर नहीं बिक जाता, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। यदि प्रशासन अपने आश्वासन पर खरा नहीं उतरा तो 10 जून को जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट का घेराव किया जाएगा।

**90 प्रतिशत खरीद पूरी हो चुकी :** गौरतलब है कि गेहूं खरीद बंद होने और बारदाने की कमी को लेकर जिलेभर के किसानों में नाराजगी थी। इससे पहले कोटपूतली-बहरोड़ जिले के बानसूर कृषि उपज मंडी में भी किसानों ने सरकारी खरीद बंद होने के विरोध में मंडी गेट पर धरना-प्रदर्शन किया था। किसानों का आरोप था कि पंजीकरण कराने के बावजूद उनकी उपज की खरीद नहीं की जा रही है और बारदाने की कमी बताकर उन्हें वापस लौटाया जा रहा है। किसानों ने खरीद की अवधि बढ़ाने और पंजीकृत किसानों की उपज तत्काल खरीदने की मांग उठाई थी। हनुमानगढ़ जिले में इस बार समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद का लक्ष्य 7.52 लाख मीट्रिक टन रखा गया है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार करीब 90 प्रतिशत खरीद पूरी हो चुकी है, लेकिन मंडियों में अभी भी बड़ी मात्रा में गेहूं पड़ा हुआ है। किसान संगठन और व्यापारिक संस्थाएं लगातार खरीद की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 जून तक करने की मांग कर रही हैं। हालांकि प्रशासन ने अभी तक खरीद अवधि बढ़ाने को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन किसानों को बारदाना उपलब्ध कराने और खरीद प्रक्रिया में आ रही दिक्कतों को दूर करने का भरोसा दिया गया है।

### बिना हेलमेट नहीं मिलेगा पेट्रोल, एसपी का आदेश




**राजसमंद।** प्रदेश में लगातार बढ़ रहे सड़क हादसों पर रोक लगाने के लिए राजसमंद में पुलिस ने सख्त रवैया अपनाया। एसपी हेमंत कलाल के निर्देश पर अब जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल नहीं दिया जाएगा। एसपी ऑफिस की ओर से जारी आदेश में बताया गया कि जिले में बड़ी संख्या में बाइक चालक हेलमेट का उपयोग नहीं कर रहे हैं। इसके कारण सड़क हादसों में बाइक समेत अन्य दोपहिया वाहन चालको की मौतें हो रही हैं और घायलों में भी दोपहिया सवार लोगों की बड़ी संख्या है। एसपी ने पेट्रोल पंप संचालकों से सहयोग की अपील करते हुए 'नो हेलमेट-नो पेट्रोल' व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। एसपी के निर्देशों के तहत सभी पेट्रोल पंपों पर स्पष्ट रूप से 'नो हेलमेट-नो पेट्रोल' लिखे बोर्ड लगाए जाएंगे और इसकी सख्ती से पालना भी करवाई जाएगी।

---

### भ्रष्टाचार का मामला : 20 साल बाद पूर्व अधिकारी को 3 साल की जेल

FAIR REPORT

**कोटा**




शहर की एसीबी कोर्ट ने आय से अधिक संपत्ति के करीब 20 साल पुराने मामले में पूर्व अधिकारी को तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने 70 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। कोर्ट ने तत्कालीन क्षेत्रीय वन अधिकारी विश्व खाद्य कार्यक्रम झालावाड़, राधेश्याम चतुर्वेदी को दोषी करार देते हुए फैसला सुनाया है। जांच में राधेश्याम के पास आय से 27.70 प्रतिशत ज्यादा संपत्ति मिली थी। सहायक निदेशक अभियोजन जया शर्मा ने बताया कोटा से एसीबी ने साल 2006 में राधेश्याम चतुर्वेदी के खिलाफ मामला दर्ज किया था। जांच के दौरान एसीबी ने आरोपी की चल-अचल संपत्तियों, आय और व्यय के दस्तावेज खंगाले। जांच में पाया कि आरोपी ने अपनी वैध आय से ज्यादा संपत्ति अर्जित की थी। आरोपी के पास कुल संपत्ति 14 लाख, 19 हजार 560 रुपए पाई गई, जो उसकी वैध आय 11 लाख 11 हजार 639 रुपए से 3 लाख 950 रुपए ज्यादा थी। जांच के बाद साल 2010 में एसीबी ने स्पेशल कोर्ट में चालान पेश किया। कोर्ट में 39 गवाहों के बयान करवाए गए।

## ऑपरेशन त्रिनेत्र में बड़ी सफलता: बलेनो कार से 204 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद, तीन तस्कर गिरफ्तार

**नाकाबंदी देखकर कार भगाने का किया प्रयास, पुलिस ने पीछा कर पकड़ा; गुजरात के तीन आरोपी गिरफ्तार, ड्रग्स सप्लाई नेटवर्क की जांच शुरू**

FAIR REPORT

**चित्तौड़गढ़** जिले में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत सदर निंबाहेड़ा थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 204 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त एक बलेनो कार को जब्त कर गुजरात के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामले में अब ड्रग्स सप्लाई नेटवर्क और उससे जुड़े सिंडिकेट की पड़ताल की जा रही है। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि उदयपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक गौरव श्रीवास्तव के निर्देशानुसार मादक पदार्थों के भंडारण और परिवहन में लिप्त तस्करों के खिलाफ ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकुल शर्मा के मार्गदर्शन में सदर निंबाहेड़ा थाना पुलिस ने यह सफलता हासिल की। शनिवार को थानाधिकारी संजय शर्मा के निर्देशन में एसआई अमृतलाल मीणा और उनकी टीम थाने के सामने वंडर पुलिया के पास हाईवे पर नाकाबंदी कर रही थी। इसी दौरान नीमच की ओर से आ रही एक बलेनो कार को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन चालक ने वाहन भगाने का प्रयास किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए कार को रोक लिया और तलाशी ली।तलाशी के दौरान कार से 204 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद हुई। इसके बाद कार चालक समीर खान (28) तथा उसके साथ बैठे मोहसीन पठान (26) और रिफाकत खान (26) निवासी मेहसाणा, गुजरात को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने ड्रग्स के साथ कार को भी जब्त कर लिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े हुए हैं। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि ड्रग्स कहां से लाई गई थी और इसे कहां सप्लाई किया जाना था। साथ ही पूरे तस्करी नेटवर्क और उससे जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है।

ऑपरेशन त्रिनेत्र
मादक पदार्थों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही

---

## प्रदेश मंत्री बनने के बाद पहली बार चित्तौड़गढ़ पहुंचे कृष्णपाल चूंडावत, कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

FAIR REPORT



**चित्तौड़गढ़।** भाजपा युवा मोर्चा राजस्थान के प्रदेश मंत्री नियुक्त होने के बाद पहली बार चित्तौड़गढ़ पहुंचे कृष्णपाल सिंह चूंडावत का शनिवार को भाजपा युवा मोर्चा नगर मंडल की ओर से मेवाड़ी परंपरा के अनुसार पाग पहनाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। लंबे समय से संगठन में सक्रिय रहकर पार्टी की विचारधारा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले चूंडावत ने इस अवसर पर कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा युवाओं को राष्ट्र निर्माण की मुख्यधारा से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। संगठन द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी का वे पूरी निष्ठा, समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेशभर के युवाओं को संगठन से जोड़कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में युवा मोर्चा महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। साथ ही युवाओं की ऊर्जा और भागीदारी को समाज एवं राष्ट्रहित के कार्यों में लगाने के लिए संगठन लगातार प्रयास करेगा। चूंडावत ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि युवाओं के हितों, संगठन विस्तार और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए वे निरंतर कार्य करते रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान संगठन की मजबूती, आगामी गतिविधियों और युवाओं की सक्रिय भागीदारी को लेकर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष सुरेश गाडरी, नगर अध्यक्ष अविनाश शर्मा, पवन गोस्वामी, जिला उपाध्यक्ष रवि मेनारिया, धीरज सुखवाल, शुभम सुखवाल, हिमांशु जाजू, हेमंत भोई, रवि सालवी, सोनू शेखावत, नीलेश नीलमणि, नवीन तनेजा, भरत जोशी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## SP Dharmendra Singh's First Crime Meeting

# Illegal Properties of Criminals to be Frozen, Strict Action Against Illegal Mining

**SP reviews law and order situation, directs officers to take strong action against history-sheeters, wanted criminals and drug smugglers**

FAIR REPORT



**Chittorgarh:** Newly appointed Superintendent of Police Dharmendra Singh held his first crime review meeting on Saturday at the Police Line Auditorium. During the meeting, he instructed police officers to take strict action against criminals and anti-social elements and said that crime will not be tolerated in the district. The meeting was attended by Additional SPs, Deputy Superintendents of Police (DSPs) and Station House Officers (SHOs). The SP reviewed the law and order situation, crime control measures and overall policing in the district. SP Singh directed officers to take effective action against history-sheeters, habitual offenders, permanent warrant absconders and other criminals. He said that creating fear of law among criminals is a top priority. He also instructed officers to identify and freeze illegal properties acquired by criminals involved in drug trafficking, illegal arms cases, organized crime and other serious offences. He said that action against illegally earned assets is a effective way to weaken criminal networks. The SP expressed concern over illegal mining activities in the district and directed police officers to keep strict watch and take strong legal action against those involved. During the meeting, special emphasis was laid on quick disposal of pending cases, prompt action in crimes against women and children, prevention of cybercrime, effective patrolling, arrest of wanted criminals and timely resolution of public complaints. SP Dharmendra Singh said that the main aim of the police is to strengthen the feeling of safety among citizens and maintain fear of law among criminals. He asked all officers and staff to work as a team to maintain peace, law and order and control crime in the district. Additional SP Mukul Sharma, Additional SP Bhagwat Singh, all DSPs, SHOs, Crime Assistant Inspector Jodharam and in-charge officers of various branches were present in the meeting.

# Bribe Demanded for Medical Claim Approval: ESIC Branch Manager Caught Taking Rs 10,000

**Accused of Earlier Collecting Rs 40,000; Employees Allegedly Pressured for Medical Bill and Medical Leave Payments**

FAIR REPORT



Chittorgarh- In a major anti-corruption action, the Anti-Corruption Bureau (ACB) Special Unit, Udaipur, on Saturday arrested ESIC Branch Manager Sandeepa Vohra while allegedly accepting a bribe of Rs 10,000. The trap operation was conducted after verification of a complaint alleging that she was demanding money to approve medical bills and medical leave claims under the Employees' State Insurance Corporation (ESIC) scheme. ACB Inspector Laxman Dangi said that a resident of Mandfiya filed the complaint. According to the complainant, his nephew was working through L&T Company at Hindustan Zinc, Chanderiya. In August 2025, the employee suffered a paralysis attack while on duty and had to undergo expensive medical treatment. A claim was submitted under the ESIC scheme for reimbursement of medical expenses and payment of medical leave benefits. The complainant alleged that ESIC Branch Manager Sandeepa Vohra was continuously demanding a bribe to approve the claim. It was also alleged that she put pressure on the employee's relatives as well as the HR Manager of L&T Company to arrange and pay the demanded amount. The complaint further claimed that this was not the first such incident. According to the complainant, several employees had earlier paid bribes to get their claims approved. It was alleged that around Rs 40,000 had already been collected from employees and their family members in different cases. Troubled by the repeated demands for money, the complainant approached the Anti-Corruption Bureau and lodged a formal complaint. After receiving the complaint, the ACB initiated verification proceedings. The verification was carried out under the supervision of Udaipur Range DIG Dr. Rameshwar Singh and the leadership of ACB Special Unit Additional SP Rajiv Joshi. On May 29, ACB officials verified the conversation related to the bribe demand and examined other facts of the case. During verification, it was confirmed that the branch manager had allegedly demanded Rs 10,000 for approving the medical bills and medical leave payment. After confirmation of the demand, the ACB planned a trap operation. On May 30, the complainant reached the ESIC branch office with the bribe amount as instructed by the ACB team. As soon as Sandeepa Vohra accepted Rs 10,000 in her office chamber, the waiting ACB team immediately conducted the raid and caught her red-handed. The ACB team recovered the bribe amount from the spot and completed all legal formalities before arresting the accused officer. Officials said that a case has been registered against Sandeepa Vohra under the Prevention of Corruption Act. A detailed investigation is now underway. The ACB is also examining whether bribes were taken in other medical claim and benefit cases. If additional complaints or evidence emerge, those cases will also be included in the investigation.

# Major Breakthrough in Arms Smuggling Case: Two More Pistols Recovered on Jailed Accused's Information, Total 3 Weapons and 5 Magazines Seized

**Interrogation of accused arrested on highway leads to fresh recoveries; police searching for main arms supplier**

FAIR REPORT



**Chittorgarh.** Police have achieved a major success in an arms smuggling case. Gangrar Police recovered two more illegal pistols and two magazines during the investigation of an illegal weapons trafficking gang. With this recovery, a total of three pistols and five magazines have been seized in the case so far. Superintendent of Police Dharmendra Singh said the action was carried out under the supervision of Additional SP Mukul Sharma, DSP Gangrar Shiv Prakash Tailor and SHO Shyama Ram. On May 26, ASI Shaitan Singh and his team raided an area near The Right Choice Hotel on the Bhilwara-Chittorgarh Highway after receiving a tip-off about an illegal arms deal. During the operation, police arrested Bablu Sikligar, who had come to buy weapons, along with Deepak alias Deepu Nayak, Nikhil Bhoi and Jitendra Mali, who were allegedly involved in selling the weapons. Police recovered one pistol and one magazine from Bablu Sikligar and two magazines from the other accused. A case was registered and further investigation was started. During interrogation, accused Nikhil Bhoi revealed that he had earlier supplied two illegal pistols to Bablu Sikligar. Based on this information, police brought Bablu Sikligar back from judicial custody for questioning. Acting on his information, police recovered two more illegal pistols from his house. Police said that a total of three pistols and five magazines have now been seized in the case. Efforts are underway to identify and arrest the main supplier of the illegal weapons. Police believe that further investigation may reveal more details about the arms smuggling network.

# CRUDE CRASHES 11% IN A WEEK BUT DON'T HOLD YOUR BREATH FOR CHEAPER PETROL

**Global oil prices record their steepest weekly fall in seven weeks — yet geopolitical shadows and government inertia mean Indian consumers may not see relief at the pump anytime soon**




FAIR REPORT

**NEW DELHI:** Crude oil has just delivered its most dramatic weekly plunge in nearly two months — and yet millions of Indian motorists filling up at petrol pumps this weekend will feel precisely nothing. International crude prices fell by a sharp 11% this week, the steepest seven-week decline on global markets. But experts are firmly pumping the brakes on expectations of a retail price cut.

The reason is familiar, frustrating and entirely political. Geopolitical tensions continue to cast long shadows over global supply chains, keeping market sentiment jittery even as headline prices fall. Crude pricing and retail fuel pricing in India operate in very different universes — one governed by international markets, the other by government policy, oil company margins, and electoral timing. Cheaper crude fills government coffers before it fills your tank. India's state-run oil marketing companies have historically absorbed crude fluctuations as buffer, revising retail prices only when sustained trends make it politically unavoidable. Central and state taxes alone account for over half the retail price of petrol — meaning even a dramatic global crash delivers muted relief to the end consumer. For ordinary Indians already battling high inflation, the sight of crashing crude prices yielding zero pump relief is a source of deep frustration. The oil is cheaper. The question, as always, is who gets to keep the difference.

# Baran Police Bust Illegal Mining Network: 42 Vehicles, Heavy Machinery Seized in Massive Crackdown

FAIR REPORT



**JAIPUR,** May 30: In one of the largest anti-mining operations in recent memory, Baran district police dismantled a sprawling illegal mining network along the Parvati river and surrounding villages on Saturday, seizing 42 vehicles and heavy machinery in a sweeping crackdown that sent shockwaves through the region's mineral mafia.

Acting on ground intelligence, Superintendent of Police Abhishek Andasu deployed four covert special teams simultaneously across Mangrol, Kishanganj, and Siswali police station areas — ensuring criminal networks had no time to flee or conceal equipment.

The most dramatic action unfolded at the Mundia, Balunda, and Surtak ghats of the Parvati river, where teams caught illegal operators red-handed. Seized on the spot were eight Poklain excavators, five JCB machines, 29 tractor-trolleys, two dumpers, three motorcycles, and two river boats used to ferry illegally extracted gravel.

Simultaneously, two heavy excavators and a dumper were seized near village Bislai in Kishanganj, while authorities in Siswali levied an on-the-spot fine of 29,600 against an illegal gravel stockpile at Paparli village.

All vehicles were seized under Section 207 of the Motor Vehicles Act. Detailed incident reports have been formally forwarded to the Mining and Transport Departments for imposition of additional penalties running into lakhs — including environmental damage compensation.

The operation, supervised by Additional SP Dr. Kamal Kumar, signals a decisive shift in the state's tolerance for river-bed plunder that costs the exchequer millions annually. "This is just the beginning," a senior officer warned.

Printed And Published By Loveena Wadhwa, Printed at Maharani printers plot no 17, MMA Vishno Nagar Kalwar Road Jaipur, Published at P1 Ambit Sapphire Jyoti Nagar Housing Board, JAIPUR RAJASTHAN 302005• Editor In Chief: Loveena Wadhwa• Editor: Sushil Pal •Managing Editor: Anish Thomas Responsible for Selection of News Under the PRB act. **Contact for news or Advertisement Fairreportjaipur@gmail.com**